**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 01.03.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल वास्तविकता में बदल रहा है और भारत दुनिया का नया विनिर्माण केन्द्र बन रहा है।**
- **प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मेगा पीटीएम रखी गई–विद्यार्थियों के विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।**
- **जयपुर में राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की शुरूआत–आयुर्वेद और पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया जा रहा है।**
- **रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू हो रहा है– पहला रोज़ा कल रखा जाएगा।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आज भारत मंडपम में **एन एक्स टी कॉन्क्लेव** को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर से लोग भारत देश को जानना चाहते हैं और यहां आना चाहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ ने पूरे विश्व को चकित किया है। करोडों लोगों ने इसमें पवित्र स्नान किया। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अब वास्तविकता में बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, आज विनिर्माण का नया केन्द्र बन रहा है।

..................

प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस साल के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और उन्नत बनाना है। प्रधानमंत्री ने आज **कृषि और ग्रामीण समृद्धि** पर पोस्ट बजट वेबिनार में कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय बजट में **'पीएम धन धान्य कृषि योजना'** की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा।

..................

श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घर दिये जा रहे हैं और स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक का रिकॉर्ड मिला है।

000

देशभर में आज से **जन औषधि जन चेतना सप्ताह** की शुरूआत हुई। ये सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री नड्डा ने सभी लोगों से इस परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

..................

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि औषध विभाग के माध्यम से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर दौरे पर हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। श्री शर्मा ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं को तय समय में धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने पिछली बजट घोषणाओं और जिले में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जन सुनवाई भी की। इस दौरान गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का कल डूंगरपुर दौरे का कार्यक्रम है।

000

राज्य सरकार ने खान विभाग के बकाया राशि की न्यायिक प्रकरणों के जल्द निस्तारण की कवायद तेज कर दी है। विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया कि 10 करोड़ रूपये से अधिक की बकाया राशि के अदालतों में विचाराधीन मामलों में सरकार के पक्ष को प्रभावी तरीके से रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इन मामलों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। मोटे तौर पर इस तरह के 50 से अधिक मामले विचाराधीन हैं, जिनमें राज्य सरकार के हजारों, करोड़ों रूपये बकाया चल रहे हैं। श्री रविकान्त ने कहा कि इन सभी मामलों की न्यायालय में प्रभावी पैरवी के लिए समिति आवश्यक सुझाव देते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजेगी।

000

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आज मेगा पीटीएम रखी गई। अभिभावक, शिक्षक बैठक के जरिये विद्यार्थियो के विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके तहत पहली से 8वीं कक्षा तक के छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को संवाद के लिए बुलाया गया। इस दौरान अभिभावकों से शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए फीड बैक लिया गया। साथ ही शिक्षकों ने विद्यार्थियों की अपार आई.डी बनाने और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी।

000

जयपुर में आज से राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की शुरूआत हुई। चार दिन के इस मेले का आयोजन जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में किया जा रहा है। इसके माध्यम से आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के प्रयास किया जा रहा है।

000

किशनगढ हवाई अड्डे से आज अहमदाबाद के लिए नई उड़ान सेवा शुरू हुई। केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने एक निजी एयर लाइन की किशनगढ–अहमदाबाद उड़ान सेवा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि ये नई सेवा क्षेत्रीय सम्पर्क को मजबूत करने के साथ–साथ व्यापार और पर्यटन को भी बढावा देगी। इस सेवा से लोगों को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा।

000

रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू हो रहा है। आज चांद रात है। पहला रोजा कल रखा जाएगा। इस्लाम धर्म में इस मुबारक महीने का बड़ा महत्व है। माहे रमजान में मुस्लिम धर्मावलम्बी रोजे रखते और इबादत करते हैं। घरों और बाजारों में रमजान की तैयारियां जोरो पर हैं, लोग शहरी और इफ्तार के लिए सामान की खरीददारी कर रहे हैं। इस महीने के समाप्त होने पर इदुलफितर का पर्व मनाया जाएगा।

000

झालावाड जिले में अश्व गंधा की खेती की ओर किसानों का रूझान बढ रहा है। इसका उपयोग कई तरह की औषधियां बनाने में किया जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह पौधा किसी भी तरह की मिट्टी में उग जाता है।

000

जयपुर में चल रहे पीजी और हॉस्टलों की सुरक्षा और संचालन जांच के लिए पुलिस ने 10 दिन का विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत सभी थाना अधिकारी अपने इलाकों में पीजी और हॉस्टलों का सर्वे करेंगे। उनमें किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि हाल ही में हुई जांचों में कई पीजी और हॉस्टलों में सुरक्षा खामियां पाई गई थीं, कुछ जगहों पर असामाजिक तत्व भी अवैध रूप से रह रहे थे। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा है कि जनता से संग्रहित कर का आज बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी के कुशल उपयोग के कारण ये संभव हो रहा है। वित्तमंत्री ने आज नई दिल्ली में सिविल लेखा दिवस समारोह में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल इंडिया पहल से यह सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी सेवाएं नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से 60 करोड़ लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ सेवा प्रदान की जा रही है।

000